हर करम तेरे हमे हर रोज़ याद आयेंगे, तुमको ना भूल पायेंगे

तेरी चाहत को ही अपनी चाहत हम बनाएंगे,तुमको ना भूल पायेंगे

देंन दुनिया को ऐसा दिया तूने ज़माना याद करेगा

चांद और सूरज है,जब तलक तेरा जहां में नाम रहेगा

तेरी रहमत के तराने निस दिन सारे गायेंगे, तुमको ना...

हर खुशी देकर हर गम लिया ,तूने दिया है ,प्यार सभी को

ना कोई छोटा ना बड़ा कोई ,तूने दिया सत्कार सभी को

तेरे एहसानों का बदला कैसे हम चुकाएँगे, तुमको ना...

तू है हर दिल में,तू हर ख्याल में,तू हर मुस्कान में है

गीत में है ,तू संगीत में है,तू हर एक तान में है

तेरी उल्फ़त के दिये हर मन में हम जलायेंगे, तुनको ना...

ये समा देता अहसास है तेरा, नही तू दूर हमसे

आज भी मन मे, मन के इस आंगन में, है छाया नूर तुझसे

तेरी सिखलाई अपनाकर 'जीवन' हम सजायेंगे, तुमको ना...

तर्ज: एक तेरा साथ हमको दो जहाँ से...